27-11-2026_Layout 1 28-11-2026 01:03 Page 1



jalandharcitylive.com | jalandharcitylive | jalandharcitylive | jalandharcitylive

जालंधर

24 घंटे 365 दिन सिटी लवर्स न्यूज

* अनमोल वचन *

"जब मनुष्य का मन शांत होता है, तभी वह सच्ची खुशी पाता है।"

वर्ष:5 | अंक : 295 | पृष्ठ:4 | मूल्य: 5 रुपये | जालंधर, शनिवार 28 नवम्बर, 2026 | संपादक: रमेश चन्द्र नेरय: 9855559913

St. Soldier GROUP OF INSTITUTIONS SINCE 1958
EDUCATION | DISCIPLINE | EXCELLENCE
64 YEARS OF EXCELLENCE — More Than Just Education... — 2000+ Merit Positions in 10th, 12th, Graduation & Professional Courses
➤ FREE BUS SERVICE FOR ALL COLLEGE STUDENTS FOR ALL ROUTES
➤ FREE SPORTS & GYM FACILITIES ◄
CANADIAN PATHWAY PROGRAMS

ENGINEERING (B.Tech - M.Tech*)
• Mechanical Engg. • Electrical Engg. • Civil Engg. • Computer Science Engg. • Electronics & Communication Engg. • Tool Engg. (Automobile Engg.)

HOTEL MANAGEMENT
• B.Sc. Hotel & Hospitality Administration • M.Sc. Hotel Management • Bachelor of Hotel Management & Catering Technology • ITI (Certificate in Food Production, Front Office, Bakery, F&B)

PARAMEDICAL / PHARMACY PHYSIOTHERAPY
• D. Pharmacy • B. Pharmacy • B.Sc. Medical Lab Science • D. Pharmacy • Diploma in M.L.T. • M.Sc. M.L.T. • B.Sc. Nursing • B.Sc. Operation Theatre Technology • B.Sc. Radiology • Imaging Technology • B.Sc. Cardiac Care • B.Sc. Optometry

LAW
• B.A.LL.B. (5 Years) • LL.B. (3 Years) • B.Com LL.B. (5 Years) • LL.M.

POLYTECHNIC DIPLOMA
• Mechanical • Civil • Electrical • Computer Engg. • Automobile • Electronics & Communication

MANAGEMENT & COMMERCE
• B.B.A. • B.Com • B.Com (Hons.) • M.Com • M.B.A. • Diploma in Business Management

DEGREE COURSES
• B.A. • B.Com. • B.C.A. • B.Sc. • B.Sc. (IT)

MEDIA & FASHION
• B.A. (Media & Communication) • B.Sc. Fashion Designing

INFORMATION TECHNOLOGY
• MCA • B.C.A. • B.Sc. (IT) • PGDCA

NURSING TRAINING
• General Nursing & Midwifery (GNM)

ADMISSION OPEN

ARCHITECTURE
• B. Architecture • B.Sc. Interior Designing • B.Voc Interior Designing

TEACHER / PHYSICAL EDUCATION
• BPES • B.P.Ed. • D.P.Ed. • M.P.Ed.

INDUSTRIAL TRAINING INSTITUTE
• Electrician • COPA • Welder • Carpenter • Plumber • Vehicle Motor Mechanic • Architecture Draughtsman • Diesel Mechanic • Refrigeration & A.C.

/stsoldiergroup | www.stsoldiergroup.com
LATERAL ENTRY ADMISSION INTO SECOND YEAR AVAILABLE
NOW ANIMATION AND SOCIAL MEDIA COURSES AVAILABLE
ORP. OFFICE : 680-4 MODEL TOWN, JALANDHAR
9814003681 | 9814003652 | 9814343025 | 9914464565

नितिन कोहली ने जालंधर के संविधान चौक फ्लाईओवर पर 1.36 करोड़ के विकास कार्य की करवाई शुरुआत

● फ्लाईओवर की सड़क को बेहतर बनाने का काम आज हुआ शुरू ● परियोजना पूरी होने पर इस मार्ग से रोजाना गुजरने वाले लोगों को आवाजाही में सुविधा मिलेगी

जालंधर सिटी लवर्स न्यूज

जालंधर/बादल। आम आदमी पार्टी (आप) के जालंधर सेंट्रल विधानसभा क्षेत्र से उम्मीदवार नितिन कोहली ने आज संविधान चौक फ्लाईओवर की सड़क को बेहतर बनाने के काम की शुरुआत करवाई। करीब 1 करोड़ 36 लाख रुपये की लागत वाली इस परियोजना का उद्देश्य शहर के इस मार्ग पर रोजमर्रा की आवाजाही को अधिक सुविधाजनक बनाना है। काम पूरा होने पर दोपहिया और चारपहिया वाहन चालकों को बेहतर सड़क सुविधा मिलने की उम्मीद है। संविधान चौक फ्लाईओवर से होकर लोग रोजाना अपने कार्यस्थलों, स्कूलों और बाजारों तक पहुंचते हैं। ऐसे में यहां सड़क की स्थिति में सुधार का लाभ अलग-अलग जरूरतों के लिए इस रास्ते का इस्तेमाल करने वाले लोगों को मिलेगा। दफ्तर जाने वाले कर्मचारियों से लेकर बच्चों को स्कूल छोड़ने वाले अभिभावकों और बाजार आने-जाने वाले व्यापारियों तक, इस परियोजना का फायदा लोगों के दैनिक सफर से जुड़ा है।



शहर के एक हिस्से से दूसरे हिस्से तक पहुंचने में फ्लाईओवर अहम भूमिका निभाते हैं। संविधान चौक पर शुरू हुआ यह काम उसी सुविधा को बेहतर बनाने की दिशा में एक कदम है। परियोजना पूरी होने पर वाहन चालकों को फ्लाईओवर पर बेहतर सतह मिलेगी और इस हिस्से से गुजरना अधिक सहज होगा। नियमित रूप से इस मार्ग का इस्तेमाल करने वाले दोपहिया वाहन चालकों के लिए भी यह सुधार खास तौर पर अहम है।

बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करना नितिन कोहली की प्राथमिकता

जालंधर सेंट्रल के लिए नितिन कोहली की विकास दृष्टि में उन सार्वजनिक सुविधाओं को प्राथमिकता देना शामिल है जिनका लोग हर दिन इस्तेमाल करते हैं। बेहतर सड़क और सुगम आवाजाही ऐसी जरूरतें हैं जिनका असर घर से निकलने के साथ ही महसूस होता है। संविधान चौक फ्लाईओवर का यह काम इसी सोच को आगे बढ़ाता है। परियोजना के लिए तय राशि का लाभ उस मार्ग पर मिलेगा जो लोगों को उनके काम, पढ़ाई और कारोबार से जोड़ता है। कोहली की सोच में विकास की अहम कसौटी यह है कि किसी परियोजना से लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी कितनी आसान होती है। इस काम का महत्व भी इसी बात में है कि इसका लाभ किसी एक मौके तक सीमित नहीं रहेगा। परियोजना पूरी होने के बाद सुबह काम पर जाने वाले और शाम को घर लौटने वाले लोग अपने नियमित सफर में बेहतर सड़क सुविधा का इस्तेमाल कर सकेंगे। जालंधर सेंट्रल में जनसुविधाओं को मजबूत करने की उनकी प्राथमिकता का यह एक ठोस उदाहरण है। कोहली ने पंजाब में सार्वजनिक बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और पूरे राज्य में नागरिक सुविधाओं में सुधार लाने की दिशा में आम आदमी पार्टी सरकार के प्रयासों की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि सरकार लोगों की रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा करने वाली विकास-केंद्रित पहलों के लिए प्रतिबद्ध है, जिसमें बेहतर सड़कें, बेहतर कनेक्टिविटी और उन्नत सार्वजनिक सुविधाएं इस विजन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। विकास कार्य की शुरुआत के मौके पर सीनियर डिप्टी मेयर बलबीर सिंह, अजय चोपड़ा, पुरी साहब, गोल्डी मारवाहा, लव रॉबिन, मनीष शर्मा और ऋषभ सहोता मौजूद रहे।



भाजपा जालंधर शहरी में संगठनात्मक नियुक्तियां

अशोक सरीन हिक्की ने नए पदाधिकारियों को सौंपी जिम्मेदारियां



जालंधर सिटी लवर्स न्यूज

जालंधर। भाजपा हाईकमान के साथ विचार-विमर्श के बाद भाजपा जालंधर शहरी के जिला अध्यक्ष अशोक सरीन हिक्की ने संगठन में नई नियुक्तियों की घोषणा की। इसके तहत दर्शन लाल भगत को जिला भाजपा उपाध्यक्ष, ललित कुमार बब्बू को जिला सचिव, शक्ति वेश भगत को दानिशमंदा मंडल अध्यक्ष तथा पंकज अरोड़ा और विश्व मेहन्दरू को सेल कोऑर्डिनेटर नियुक्त किया गया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष अशोक सरीन हिक्की के साथ जिला महामंत्री योगेश धीर, दविंदर भारद्वाज, दीपक तेलु, एससी मोर्चा पंजाब अध्यक्ष शीतल अंगुराल, जिला उपाध्यक्ष मीनू शर्मा, गोल्डी भाटिया, मुनीश विज, सुनील मोंटू, जिला सचिव हिमांशु शर्मा, शालू, तरसेम थापा, कुणाल शर्मा, ऑफिस इंचार्ज मुनीश बल, अनुज शरदा, प्रमोद कश्यप, ऋषि बेल, बाबा जयद्रथ, आदित्य शर्मा और अजय ठाकुर, सोनू चौहान, अनु वर्मा सहित अन्य भाजपा नेता उपस्थित रहे। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष अशोक सरीन हिक्की ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि भाजपा में संगठन और समर्पित कार्यकर्ता ही पार्टी की सबसे बड़ी ताकत हैं। पार्टी ने सभी साथियों को उनकी मेहनत, निष्ठा और संगठन के प्रति समर्पण को देखते हुए जिम्मेदारियां सौंपी हैं।

2027 के चुनाव के लिए पूरी मेहनत करेंगे नवनियुक्त पदाधिकारी

नवनियुक्त पदाधिकारियों ने जिला अध्यक्ष अशोक सरीन हिक्की और पार्टी हाईकमान का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी ने उन्हें जो जिम्मेदारियां सौंपी हैं, उन्हें वे पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण से निभाएंगे। उन्होंने विश्वास दिलाया कि संगठन को मजबूत करने के लिए दिन-रात मेहनत करेंगे और 2027 के पंजाब विधानसभा चुनाव में भाजपा की सफलता के लिए पूरी ताकत से कार्य करेंगे।

जालंधर नॉर्थ में विकास कार्यों और जनसंपर्क के दम पर मजबूत हो रही मेयर वनीत धीर की पकड़

उद्योगपतियों और युवाओं का मिल रहा भरपूर समर्थन

■ जनता के बीच पहुंचकर मौके पर समस्याएं सुन रहे वनीत धीर, विकास कार्यों को मिल रही रफ्तार

जालंधर सिटी लवर्स न्यूज

जालंधर/जतिन। जालंधर नॉर्थ हलके से आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार एवं शहर के मेयर वनीत धीर ने अपनी चुनावी मुहिम तेज कर दी है। हलके के विभिन्न वर्गों, कारोबारियों, उद्योगपतियों, ट्रांसपोर्टरों और युवाओं से मिल रहे सकारात्मक समर्थन ने उनकी मुहिम को नई मजबूती दी है। वनीत धीर लगातार हलके के लोगों के बीच पहुंचकर उनकी समस्याएं सुन रहे हैं और जालंधर नॉर्थ को विकास की नई दिशा देने के लिए प्रयासरत हैं। उनका मुख्य फोकस हलके की वर्षों पुरानी समस्याओं का स्थायी समाधान करने और लोगों को बेहतर बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध करवाने पर है। फोकल प्वाइंट, गदईपुर इंडस्ट्रियल एसोसिएशन, ट्रांसपोर्ट इंडस्ट्री और खेल उद्योग से जुड़े उद्योगपतियों एवं कारोबारियों की ओर से भी वनीत धीर को खुला समर्थन मिल रहा है। उद्योग जगत से जुड़े लोगों का मानना है कि शहर के विकास के साथ-साथ औद्योगिक क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करना भी बेहद जरूरी है।



वनीत धीर लगातार इन क्षेत्रों के प्रतिनिधियों के साथ बैठकें कर उनकी समस्याओं को समझ रहे हैं और उन्हें प्राथमिकता के आधार पर हल करवाने का प्रयास कर रहे हैं। विकास के मोर्चे पर भी जालंधर नॉर्थ में कई महत्वपूर्ण काम तेजी से आगे बढ़ाए जा रहे हैं। जिन इलाकों में वर्षों से सड़कें और गलियां खस्ताहाल थीं या नई सड़कें बनाने की मांग लंबित थी, वहां नए निर्माण कार्य शुरू करवाए जा रहे हैं। इसके साथ ही पार्कों के सौंदर्यीकरण, हरियाली और लोगों के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। हलके के विभिन्न चौकों और पार्कों में हाईमास्ट लाइटें लगाने के साथ स्ट्रीट लाइट व्यवस्था को भी बेहतर बनाया जा रहा है, ताकि शाम और रात के समय लोगों को सुरक्षित एवं रोशन वातावरण मिल सके। इससे बुजुर्गों को सैर करने और बच्चों को पार्कों में खेलने के लिए बेहतर माहौल उपलब्ध करवाने का प्रयास किया जा रहा है। सीवरेज की समस्या से लोगों को राहत दिलाने के लिए सुपर सक्शन मशीनों के माध्यम से सीवरेज लाइनों की सफाई करवाई जा रही है। इसका उद्देश्य लंबे समय से सीवरेज जाम और गंदे पानी की निकासी जैसी समस्याओं का समाधान करना है। वनीत धीर का कहना है कि विकास केवल बड़ी घोषणाओं तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि इसका लाभ प्रत्येक वार्ड, गली और परिवार तक पहुंचना चाहिए। इसी सोच के तहत सड़कों, सीवरेज, स्ट्रीट लाइटों और पार्कों से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है। वनीत धीर ने कहा कि जालंधर नॉर्थ के लोगों का मिल रहा प्यार, विश्वास और समर्थन उन्हें और अधिक जिम्मेदारी के साथ काम करने की प्रेरणा देता है। उनका लक्ष्य नॉर्थ हलके को आधुनिक सुविधाओं से लैस, स्वच्छ, सुरक्षित और व्यवस्थित क्षेत्र बनाना है। उन्होंने कहा कि उद्योगपतियों, व्यापारियों, युवाओं और आम नागरिकों के सहयोग से विकास की इस मुहिम को और गति दी जाएगी तथा लोगों की समस्याओं का समाधान उनके बीच पहुंचकर किया जाएगा।

पंजाब पुलिस और अन्य विभागों के सात मौजूदा एवं सेवानिवृत्त अधिकारी शामिल

■ चंडीगढ़ में ईडी ऑफिस में डीआईजी स्वपन शर्मा पेश, रिश्वतखोरी और मनी लॉन्ड्रिंग मामले में किया गया तलब

जालंधर सिटी लवर्स न्यूज

चंडीगढ़। पंजाब पुलिस के DIG (रोपड़ रेंज) स्वपन शर्मा शुक्रवार को चंडीगढ़ में प्रवर्तन निदेशालय (ED) के कार्यालय पहुंचे। उन्हें निलंबित DIG हरचरण सिंह भुल्लर से जुड़े रिश्वतखोरी और मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पूछताछ के लिए ED ने तलब किया था। एजेंसी की ओर से उन्हें 27 नवंबर 2026 को सेक्टर-17 स्थित कार्यालय में पेश होने के निर्देश दिए गए थे। जांच के दायरे में पंजाब पुलिस और अन्य विभागों के सात मौजूदा एवं सेवानिवृत्त अधिकारियों को शामिल किया गया है। इन सभी को पूछताछ के लिए समन भेजे गए हैं। यह पूरा मामला निलंबित ष्ठद्बठ्ठद्ब हरचरण सिंह भुल्लर और उनके कथित बिचौलिए कृष्णानु शारदा से जुड़े भ्रष्टाचार और मनी लॉन्ड्रिंग नेटवर्क की जांच से संबंधित है। ED इस मामले में अधिकारियों और बिचौलिए के बीच संपर्कों के साथ-साथ संभावित वित्तीय लेनदेन की भी पड़ताल कर रही है। जांच एजेंसियां यह पता लगाने में जुटी हैं कि संबंधित अधिकारियों का कृष्णानु शारदा के साथ किस तरह का संपर्क था और क्या उनके बीच किसी प्रकार का वित्तीय लेनदेन हुआ था। इसी सिलसिले में स्वपन शर्मा को भी अपना पक्ष रखने और जांच में शामिल होने के लिए बुलाया गया है।



फर्जी फोरेंसिक रिपोर्ट मामले में भी पेश हो चुके हैं डीआईजी

इससे पहले अक्टूबर 2026 में भी स्वपन शर्मा चंडीगढ़ स्थित ईडी कार्यालय में पेश हुए थे। उस समय उनसे कथित फर्जी फोरेंसिक रिपोर्ट से जुड़े मामले में पूछताछ की गई थी। अब एक बार फिर उन्हें हरचरण सिंह भुल्लर से जुड़े भ्रष्टाचार और मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पूछताछ के लिए बुलाया है।

लखणपाल के विकास को मिली नई रफ्तार

खेल मैदान की सौगात से बच्चों के चेहरों पर आई खुशी: दीपक बाली



जालंधर सिटी लवर्स न्यूज

जालंधर: आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार एवं जालंधर कैंट हलके के इंचार्ज दीपक बाली जी ने लखणपाल में नए खेल मैदान का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने 'मेरी रसोई' योजना के तहत राशन किटें भी वितरित कीं। उन्होंने कहा कि बच्चों और युवाओं के बेहतर भविष्य के लिए खेल सुविधाओं को बढ़ावा देना और जनकल्याण के कार्य करना जरूरी है।

CMYK

27-11-2026_Layout 1 28-11-2026 01:03 Page 2

जालंधर के रामा मंडी फ्लाईओवर पर सुबह-सुबह बड़ा सड़क हादसा

रामा मंडी फ्लाईओवर पर तेज रफ्तार टिप्पर ने दो पिकअप गाड़ियों को मारी टक्कर, यातायात प्रभावित

जालंधर सिटी लवर्स न्यूज

जालंधर/जतिनः जालंधर के रामा मंडी फ्लाईओवर पर सरियों से लदे खराब खड़े ट्रक के कारण पीछे से तेज रफ्तार टिप्पर ने दो पिकअप गाड़ियों को टक्कर मार दी। हादसा सुबह करीब 6 बजे हुआ, जिसमें एक पिकअप चालक घायल हो गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों गाड़ियों को काफी नुकसान पहुंचा। वहीं घायल चालक का आरोप है कि उनकी गाड़ी सड़क किनारे रुकी हुई थी, लेकिन टिप्पर चालक की लापरवाही के कारण यह दुर्घटना हुई। वहीं, पिकअप में रखा करीब 2.5 लाख का सोफा भी क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के बाद फ्लाईओवर पर करीब तीन घंटे तक यातायात प्रभावित रहा। पुलिस मामले की जांच कर रही है और तथ्यों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पिकअप चालक सुमन ने बताया कि गाड़ी लेकर गुरदासपुर की तरफ



जा रहे थे। सुबह करीब 5:30 बजे रामा मंडी फ्लाईओवर पर पहुंचे तो आगे सरियों से लदा एक ट्रक तकनीकी खराबी के कारण सड़क पर खड़ा था। स्थिति को देखते हुए उन्होंने अपनी पिकअप रोक ली और आगे निकलने का इंतजार करने लगे। इसी दौरान पीछे से तेज रफ्तार में आए टिप्पर ने उनकी पिकअप और पास खड़ी दूसरी पिकअप को जोरदार टक्कर मार दी। सुमन के मुताबिक, हादसे के समय उनकी गाड़ी में वह अकेले सवार थे, जबकि दूसरी पिकअप में दो लोग मौजूद थे। टक्कर के कारण गाड़ी में रखा करीब 2.5 लाख रुपये का सोफा भी खराब हो गया। हादसे में उनके शरीर के अलग-अलग हिस्सों और पैर में चोटें आई हैं। घायल चालक ने सड़क पर खराब खड़े ट्रक और टिप्पर चालक को हादसे के लिए जिम्मेदार ठहराया। टक्कर इतनी भीषण थी कि उनकी गाड़ी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।

एमडीटी ऐप से मिली सूचना, स्स्ल टीम मौके पर

सड़क सुरक्षा फोर्स (SSF) में तैनात कांस्टेबल अमरदीप ने बताया कि सुबह करीब 6 बजे MDT ऐप के जरिए रामा मंडी फ्लाईओवर पर सड़क हादसे की सूचना मिली थी। टीम तुरंत मौके पर पहुंची तो देखा कि सरियों से लदा एक ट्रक तकनीकी खराबी के कारण पुल पर खड़ा था और आगे बढ़ने की स्थिति में नहीं था। SSF टीम ने हादसे से संबंधित पूरी जानकारी कैंट/रामा मंडी क्षेत्र के एएसआई हरीश कुमार को सौंप दी है।

हाइड्रा क्रेन से हटाए वाहन, 9 बजे खुला रास्ता

यातायात को सामान्य करने के लिए SSF कांस्टेबल अमरदीप चड्ढा और कांस्टेबल रणजीत सिंह ने मौके पर हाइड्रा क्रेन मंगवाई। इसकी मदद से दुर्घटनाग्रस्त पिकअप गाड़ियों और खराब खड़े ट्रक को सड़क से हटवाया गया। सुबह करीब 6 बजे से प्रभावित यातायात को टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद लगभग 9 बजे तक सामान्य करवा दिया। इसके बाद फ्लाईओवर की सभी लेनों पर वाहनों की आवाजाही सुचारू हो गई।

पाकिस्तान गए सिख जत्थे में लापता होने की खबर अफवाह

अमृतसर के श्रद्धालु के लापता होने की खबर निकली अफवाह, बेटे ने किया खुलासा

सरदार बिक्रमजीत सिंह का नाम शामिल बताया जा रहा था

जालंधर सिटी लवर्स न्यूज

अमृतसर। पंजाब के अमृतसर से बड़ी खबर सामने आई है। श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व के मौके पर SGPC के जत्थे के साथ पाकिस्तान गए सिख श्रद्धालुओं में से तीन लोगों के लापता होने की खबरें सामने आई थीं। इनमें अमृतसर के तेज नगर चौक निवासी सरदार बिक्रमजीत सिंह का नाम भी शामिल बताया जा रहा था। हालांकि, अब उनके बेटे ने इन खबरों को पूरी तरह अफवाह बताया है। पत्रकारों से बातचीत करते हुए बिक्रमजीत सिंह के बेटे चरणजीत सिंह ने कहा कि उनके पिता बिल्कुल सुरक्षित हैं और पाकिस्तान में जत्थे के साथ ही मौजूद हैं। कुछ समय पहले ही उनकी अपने पिता से फोन पर बात हुई है।



बिना पुष्टि के इस तरह की खबरें न फैलाएं

जब उनके पिता को अपने लापता होने की खबरों के बारे में पता चला तो वह भी यह सुनकर परेशान हो गए। परिवार के मुताबिक, बिक्रमजीत सिंह हर साल की तरह इस बार भी SGPC के जत्थे के साथ धार्मिक यात्रा पर पाकिस्तान गए हैं और जत्थे के साथ ही सुरक्षित भारत लौटेंगे। वहीं, परिवार ने लोगों से अपील की है कि बिना पुष्टि के इस तरह की खबरें न फैलाएं, इससे परिवार के लोगों को मानसिक परेशानी का सामना करना पड़ता है।

चरणजीत सिंह ने बताया कि उनके पिता के पास भारतीय मोबाइल नंबर है और वाई-फाई के जरिए परिवार से लगातार संपर्क बना हुआ है।

एक भक्त ने ऐसा महादान किया है, जिसकी देशभर में चर्चा हो रही

चेन्नई के पति-पत्नी ने आंध्र प्रदेश के तिरुमला स्थित प्रसिद्ध तिरुपति बालाजी मंदिर में चढ़ाया 121 किलो सोना

- चेन्नई के कारोबारी वर्धमान जैन व उनकी पत्नी राधिका जैन चर्चित
- भगवान वेंकटेश्वर के चरणों में 121 किलो सोने के आभूषण अर्पित

जालंधर सिटी लवर्स न्यूज

आंध्र प्रदेश के तिरुमला स्थित प्रसिद्ध तिरुपति बालाजी मंदिर में एक भक्त ने ऐसा महादान किया है, जिसकी देशभर में चर्चा हो रही है। चेन्नई के कारोबारी वर्धमान जैन और उनकी पत्नी राधिका जैन ने गुरुवार को भगवान वेंकटेश्वर के चरणों में 121 किलो सोने के आभूषण अर्पित किए। इनकी अनुमानित कीमत करीब 208 करोड़ बताई जा रही है। भव्य चढ़ावा आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू की मौजूदगी में मंदिर



को सौंपा गया। तिरुमला तिरुपति देवस्थानम (TTD) के अनुसार, दंपती की ओर से दिए गए इस दान में कुल 9 सेट में रखे 45 सोने के आभूषण शामिल हैं। इसके अलावा इनमें 238.2 कैरेट के हीरे भी जड़े हुए हैं। वर्धमान जैन और उनकी पत्नी ने भगवान वेंकटेश्वर के लिए विशेष रूप से तैयार मुकुट और पैरों के आभूषण भी अर्पित किए। इन सभी आभूषणों की कुल कीमत लगभग 208 करोड़ रुपये आंकी गई है। TTD के मुताबिक, भगवान वेंकटेश्वर को किसी एक भक्त की ओर से दिया गया यह अब तक का सबसे बड़ा चढ़ावा है। 121 किलो सोने के आभूषणों के इस दान ने मंदिर में भक्तों की ओर से दिए जाने वाले बड़े चढ़ावों के रिकॉर्ड में नया अध्याय जोड़ दिया है। यह भव्य चढ़ावा आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू की मौजूदगी में मंदिर को सौंपा गया।

कंपनी में 60 प्रतिशत हिस्सेदारी बेच जुटाए 6000 करोड़

वर्धमान जैन चेन्नई स्थित कंपनी 'वारा फ्यूचर एलएलपी' के चेयरमैन हैं। बताया गया है कि उन्होंने कंपनी में अपनी 60 प्रतिशत हिस्सेदारी बेचकर करीब 6000 करोड़ रुपये हासिल किए थे। इसी रकम में से उन्होंने भगवान श्री वेंकटेश्वर के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त करते हुए 121 किलो सोने के आभूषण दान किए। इस महादान के बाद वर्धमान जैन और उनकी पत्नी राधिका जैन की देशभर में चर्चा हो रही है।

जालंधर देहात में नए एसएसपी ने चार्ज लेते ही अपराधियों के खिलाफ दिया सख्त संदेश

हरकमलप्रीत सिंह खख ने संभाली कमान, ऑफिस पहुंचने पर पुलिस कर्मचारियों ने दिया गार्ड ऑफ ऑनर

- मालेरकोटला के एसएसपी पद से स्थानांतरित कर जालंधर देहात की कमान सौंपी गई है
- खख की पहचान सख्त पुलिसिंग और अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई को लेकर रही

जालंधर सिटी लवर्स न्यूज



पंजाब में 2027 के विधानसभा चुनावों से पहले पुलिस विभाग में हुए प्रशासनिक फेरबदल के बाद जालंधर देहात पुलिस को नया एसएसपी मिल गया है। आईपीएस अधिकारी हरकमलप्रीत सिंह खख ने शुक्रवार को जालंधर देहात के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (SSP) के रूप में चार्ज संभाल लिया। उन्होंने हरविंदर सिंह विर्क की जगह यह जिम्मेदारी संभाली है। जालंधर देहात पुलिस ऑफिस पहुंचने पर पुलिस कर्मचारियों ने उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया। सरकार की ओर से जारी तबादला आदेशों के तहत हरकमलप्रीत सिंह खख को मलेरकोटला के SSP पद से स्थानांतरित कर जालंधर देहात की कमान सौंपी गई है। वह सितंबर 2026 में मलेरकोटला के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के रूप में सेवाएं दे रहे थे। खख इससे पहले भी जालंधर देहात में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। इसके अलावा वह बटाला, पठानकोट और मालेरकोटला सहित पंजाब के कई महत्वपूर्ण जिलों में सख्त की जिम्मेदारी संभाल चुके हैं। हरकमलप्रीत सिंह खख की पहचान सख्त पुलिसिंग और अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई को लेकर रही है। अलग-अलग जिलों में तैनाती के बावजूद उनकी कार्यप्रणाली में पारदर्शिता और अपराध के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति प्रमुख रही है। अब जालंधर देहात में भी उन्होंने इसी नीति के तहत काम करने के संकेत दिए हैं। अपराध सभ्य समाज के लिए नासूर है और इसे खत्म करने के लिए पुलिस के साथ-साथ आम जनता का सहयोग भी जरूरी है।

जनता के सहयोग से अपराधमुक्त समाज बनाने पर जोर

पदभार संभालने के बाद SSP हरकमलप्रीत सिंह खख ने कहा कि पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान और DGP गौरव यादव का अपराध के खिलाफ रुख बिल्कुल स्पष्ट है। सरकार और पुलिस विभाग की प्राथमिकता जीरो टॉलरेंस पॉलिसी है। लोग अपने अधिकारों के साथ-साथ अपनी जिम्मेदारियों को भी समझें और अपराध मुक्त समाज के निर्माण में पुलिस का साथ दें।

पाकिस्तान बॉर्डर पर भारत का बड़ा प्लान!

जम्मू-कश्मीर की एलओसी पर तैनात होगा पांचवां एस-400, हवाई सुरक्षा को और मजबूत करने की तैयारी

लड़ाकू विमानों और हवाई हमलों से निपटने की क्षमता को बढ़ाना, भारतीय वायुसेना की एक टीम अगले महीने रूस का दौरा करेगी

जालंधर सिटी लवर्स न्यूज

नई दिल्ली। भारत पाकिस्तान से सटी जम्मू-कश्मीर की नियंत्रण रेखा (LoC) पर अपनी हवाई सुरक्षा को और मजबूत करने की तैयारी कर रहा है। इसके तहत भारतीय वायुसेना रूस के पास पांचवां एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम तैनात करने की योजना बना रही है। इस कदम का मकसद दुश्मन के लड़ाकू विमानों, मिसाइलों और हवाई हमलों से निपटने की क्षमता को बढ़ाना है। भारतीय वायुसेना की एक टीम अगले महीने रूस का दौरा करेगी। इस दौरान S-400 सिस्टम का प्री-डिस्पैच इंस्पेक्शन किया जाएगा। उम्मीद है कि यह सिस्टम फरवरी 2027 तक भारत



- भारत हवाई हमले और बचाव क्षमताओं को मजबूत करना चाहता

में तैनाती के लिए तैयार हो जाएगा। जम्मू-कश्मीर में पाकिस्तान के साथ भारत की करीब 740 किलोमीटर लंबी नियंत्रण रेखा है। हवाई सुरक्षा को मजबूत करना भारत की रक्षा रणनीति का अहम हिस्सा है। पांचवें S-400 सिस्टम की तैनाती से दुश्मन के हवाई हमलों को समय रहते पहचानने और उन्हें नाकाम करने की क्षमता में इजाफा हो सकता है। एस-400 को दुनिया के आधुनिक एयर डिफेंस सिस्टम में गिना जाता है। यह दुश्मन के लड़ाकू विमानों को निशाना बनाने में सक्षम है। रिपोर्ट के मुताबिक, चीन साल 2027 में पाकिस्तान को पांचवीं पीढ़ी के J-35 लड़ाकू विमान सौंप सकता है। इस संभावित सैन्य सहयोग को देखते हुए भारत भी अपनी रक्षा तैयारियों को नए सिरे से मजबूत करने में जुटा है। इसके तहत भारत लंबी दूरी तक मार करने वाले हथियारों और लोइटरिंग म्यूनिशन यानी ऐसे ड्रोन हथियारों को विकसित करने और खरीदने की योजना बना रहा है, जो लक्ष्य के आसपास मंडराने के बाद हमला कर सकते हैं। भारत की रणनीति केवल लड़ाकू विमानों का मुकाबला करने तक सीमित नहीं है। रिपोर्ट के अनुसार, भारत चीन की PL-15E लंबी दूरी की हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइल और HQ-9BE एयर डिफेंस सिस्टम जैसी सैन्य क्षमताओं का जवाब देने की तैयारी कर रहा है। इन हथियारों और रक्षा प्रणालियों के जरिए चीन और पाकिस्तान की बढ़ती सैन्य ताकत के सामने भारत हवाई हमले और बचाव की क्षमताओं को मजबूत करना चाहता है।

ऑपरेशन सिंदूर में इस्तेमाल हुई थी PL-15E मिसाइल

रिपोर्ट में बताया गया है कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तानी वायुसेना ने चीनी J-10 लड़ाकू विमानों और स्वीडिश AWACS (एयरबोर्न वार्निंग एंड कंट्रोल सिस्टम) की मदद से PL-15E मिसाइलों का इस्तेमाल किया था। इन मिसाइलों की मारक क्षमता करीब 200 किलोमीटर बताई गई है। इस घटनाक्रम के बाद भारत के लिए लंबी दूरी की मिसाइलों और आधुनिक एयर डिफेंस सिस्टम को मजबूत करना और भी महत्वपूर्ण हो गया है।

दोस्ती के रिश्ते को शर्मसार करने वाला मामला

लुधियाना में कपड़ा कारोबारी का दोस्त ने ही कर दिया कत्ल, तीन आरोपी अरेस्ट

- 2.5 करोड़ के लेन-देन में रची गई यह साजिश
- कारोबारी को बहाने से बुलाया फिर अपहरण

जालंधर सिटी लवर्स न्यूज

लुधियाना। लुधियाना में नौलखा गार्डन से दोस्ती के रिश्ते को शर्मसार करने वाला मामला सामने आया है। यहां एक कपड़ा कारोबारी की उसके ही दोस्त ने साथियों के साथ मिलकर हत्या कर दी। थाना डिवीजन नंबर-4 पुलिस ने इस मामले में कारोबारी के दोस्त समेत तीन आरोपियों मिक्की आहूजा, अजय सिंह और शिवा को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने पहले 50 वर्षीय कारोबारी पंकज अरोड़ा को बहाने से बुलाया और फिर अपहरण कर उसकी हत्या करके शव बठिंडा



के एक छप्पड़ में फेंक दिया। पुलिस अब मामले से जुड़े अन्य पहलुओं की जांच कर रही है। इसमें हत्या की वजह, गायब सोने के गहने और करोड़ों रुपये के लेन-देन से जुड़े तथ्यों का पता लगाया जा रहा है। मृतक के रिश्तेदारों के अनुसार, पंकज अरोड़ा का अपने दोस्त मिक्की आहूजा के साथ करीब 2 से ढाई करोड़ रुपये का आर्थिक लेन-देन था। पंकज को अपने दोस्त से पैसे लेने थे। इसी रकम का भुगतान करने के बहाने मिक्की ने उन्हें मिलने के लिए बुलाया था। परिजनों को अंदेशा है कि इसी लेन-देन के विवाद के चलते वारदात को अंजाम दिया गया। पहले पंकज का अपहरण किया और फिर उनकी हत्या कर दी।

15 तोले सोने के गहने पहनकर निकले थे पंकज अरोड़ा

बताया जा रहा है कि पंकज अरोड़ा जब घर से निकले थे, तब उन्होंने करीब 15 तोले सोने के गहने पहन रखे थे। हत्या के बाद ये गहने गायब मिले हैं। ऐसे में कारोबारी की हत्या के साथ-साथ उनके सोने के आभूषणों के गायब होने का मामला भी जांच के दायरे में है। पुलिस पूछताछ के दौरान आरोपियों ने पंकज अरोड़ा की हत्या करने और शव को बठिंडा के एक छप्पड़ में फेंकने की बात कबूल की है।

आगामी चुनाव को देखते हुए भाजपा ने भी कसी कमर

35 वार्डों में से 23 वार्डों के लिए उम्मीदवारों के नाम का ऐलान! मेयर जोशी समेत पुराने और अनुभवी चेहरों को मौका

- चंडीगढ़ नगर निगम चुनाव को लेकर पहली लिस्ट जारी

जालंधर सिटी लवर्स न्यूज

चंडीगढ़। भाजपा ने भी आगामी चुनाव को देखते हुए कमर कस ली और उम्मीदवारों की पहली लिस्ट जारी कर दी है। चंडीगढ़ नगर निगम चुनाव को पार्टी ने शुक्रवार को 35 वार्डों में से 23 वार्डों के लिए अपने उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी। केंद्रीय चुनाव समिति की मंजूरी के बाद घोषित इस सूची में कई पुराने और अनुभवी चेहरों पर दोबारा भरोसा जताया गया है। मौजूदा मेयर



सौरभ जोशी के अलावा पूर्व पार्षद देवेंद्र बबला, अरविंद सिंह और राजेश कुमार गुप्ता बिट्टू को भी उम्मीदवार बनाया। पार्टी ने इन चेहरों के जरिए निगम चुनाव में अपनी स्थिति मजबूत करने की कोशिश की है। भाजपा की ओर से घोषित 23 उम्मीदवारों में 8 महिलाओं को टिकट दिया गया है। महिला उम्मीदवारों की सूची में वार्ड नंबर 8 से किरण सिंह, वार्ड 11 से सुमिता कोहली, वार्ड 13 से सुखजीवन कौर और वार्ड 17 से एडवोकेट मीनाक्षी सिंह को टिकट दिया गया है।

35 में से 23 वार्डों पर उम्मीदवार घोषित

भाजपा ने फिलहाल 35 वार्डों में से 23 के लिए ही प्रत्याशियों के नामों का ऐलान किया है। इनमें वार्ड नंबर 27 से गुरबख्श रावत शामिल हैं, जो मौजूदा पार्षद भी हैं। पार्टी ने उन्हें एक बार फिर चुनाव मैदान में उतारा है। बाकी 12 वार्डों के उम्मीदवारों को लेकर अभी घोषणा नहीं की गई है। पहली सूची जारी होने के बाद चंडीगढ़ में चुनावी गतिविधियां तेज होने की उम्मीद है।

इसके अलावा वार्ड नंबर 21 से सुनीता कौर, वार्ड 26 से रेखा सूद और वार्ड 29 से प्रिया वहरोत्रा भाजपा की उम्मीदवार होंगी।

होशियारपुर में पुलिस और आरोपियों के बीच फिल्मी अंदाज में हो गई मुठभेड़

दसूहा के बलगड़ां चौक पर पुलिस फायरिंग में सिविलियन घायल, 6 गाड़ियों को मारी टक्कर, महिला भी फरार

- करीब 200 मीटर के दायरे पुलिस की ओर से एक के बाद एक 6 फायर किए

जालंधर सिटी लवर्स न्यूज

होशियारपुर। होशियारपुर जिले के दसूहा में शुक्रवार सुबह पुलिस और आरोपियों के बीच फिल्मी अंदाज में मुठभेड़ हो गई। बलगड़ां चौक पर हुई इस घटना के दौरान पुलिस की ओर से की फायरिंग में एक गोली वहां मौजूद नागरिक की बाजू में जा लगी। अचानक हुई गोलीबारी के कारण चौक पर मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई। करीब 200 मीटर के दायरे में पुलिस की ओर से एक के बाद एक 6 फायर किए



गए। वहीं, पुलिस से बचकर भागने की कोशिश में आरोपियों ने भीड़भाड़ वाले चौक पर करीब 6 गाड़ियों को टक्कर मार दी। पुलिस ने पीछा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया, जबकि तीन अन्य मौके से फरार हो गए। फरार लोगों में एक महिला भी शामिल बताई जा रही है। गोली लगने से घायल व्यक्ति की पहचान मोहम्मद रफी के रूप में हुई है। पुलिस ने उसे तुरंत दसूहा के सिविल अस्पताल में भर्ती करवाया, जहां उसका इलाज चल रहा है। पुलिस के मुताबिक, मुठभेड़ के दौरान आरोपियों की कार बलगड़ां चौक पर भीड़ में फंस गई थी। इस दौरान आरोपियों ने भागने की कोशिश में करीब 6 गाड़ियों को टक्कर मार दी और वहां से निकलने का प्रयास किया। पुलिस ने आरोपियों का पीछा जारी रखा और चौक से करीब 200 मीटर आगे जाकर उनकी कार को घेर लिया। हालांकि, कार रुकने के बाद उसमें सवार तीन लोग बाहर निकलकर फरार हो गए। इनमें एक महिला भी शामिल थी। पुलिस ने मौके से एक आरोपी को पकड़ लिया। फिलहाल पुलिस ने गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान और अन्य आरोपियों के संबंध में विस्तृत जानकारी सार्वजनिक नहीं की है।

गढ़दीवाल फायरिंग केस से जुड़ा है यह मामला

दसूहा थाना पुलिस के अधिकारी के अनुसार, 15 तारीख को होशियारपुर के गढ़दीवाल में फायरिंग की घटना हुई थी। इस मामले में आरोपियों की तलाश के लिए CIA स्टाफ, गढ़दीवाल पुलिस और होशियारपुर पुलिस की टीमें लगातार छापेमारी कर रही थीं। इसी दौरान पुलिस को सूचना मिली कि मामले से जुड़े आरोपी दसूहा इलाके में घूम रहे हैं। जब पुलिस ने उनकी गाड़ी का पीछा किया तो आरोपियों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी।

27-11-2026_Layout 1 28-11-2026 01:03 Page 3

दिव्य ज्योति जागृति संस्था (DJJS)

श्री राम कथामृत



'क्या नवधा भक्ति देती है मुक्ति की युक्ति', 'चित्रकूट में भक्ति रंग एवं शबरी प्रसंग' तथा 'श्री राम के जीवन चरित्र से सीखें प्रकृति का सम्मान' पर साध्वी सुश्री श्रेया भारती जी के प्रेरक प्रवचन

जालंधर सिटी लवर्स न्यूज़

कथा के पाँचवें दिन के मुख्य आध्यात्मिक एवं सामाजिक बिंदु



जालंधर/जतिनः दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान (DJJS) द्वारा अभावग्रस्त व वंचित बच्चों की निशुल्क एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को समर्पित सामाजिक प्रकल्प 'मंथन' के सहयोगार्थ साईं दास स्कूल ग्राउंड में आयोजित भव्य 'श्री राम कथामृत' के पाँचवें दिन भी श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक ऊर्जा का अद्भुत संगम देखने को मिला। पावन कथा के पाँचवें दिन संस्थान के संस्थापक एवं संचालक श्री आशुतोष महाराज जी की शिष्या, सुप्रसिद्ध कथा व्यास साध्वी सुश्री श्रेया भारती जी ने 'क्या नवधा भक्ति देती है मुक्ति की युक्ति', 'चित्रकूट में भक्ति रंग एवं शबरी प्रसंग' तथा 'श्री राम के जीवन चरित्र से सीखें प्रकृति का सम्मान' जैसे अत्यंत प्रासंगिक और भावपूर्ण विषयों पर विस्तार से विचार रखे।

कथा के पाँचवें दिन जैसे ही चित्रकूट की पावन भूमि पर भक्ति के रंग, शबरी की प्रतीक्षा और प्रकृति के प्रति श्री राम के संवेदनशील भावों का वर्णन प्रारंभ हुआ, पूरा पंडाल भक्तिरस और भावों से सराबोर हो गया। साध्वी बहनों द्वारा प्रस्तुत सुमधुर भजनों ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

* **क्या नवधा भक्ति देती है मुक्ति की युक्तिः** साध्वी सुश्री श्रेया भारती जी ने नवधा भक्ति के नौ सोपानों (श्रवण, कीर्तन, स्मरण, पादसेवन, अर्चन, वंदन, दास्य, सख्य और आत्मनिवेदन) की व्याख्या करते हुए कहा कि भक्ति का मार्ग केवल बाह्य कर्मकांड तक सीमित नहीं है, बल्कि यह हृदय के रूपांतरण की साधना है। जब साधक पूर्ण गुरु के सान्निध्य में 'ब्रह्मज्ञान' की दीक्षा प्राप्त कर भीतर की दिव्य दृष्टि पाता है, तभी नवधा भक्ति का वास्तविक फल प्राप्त होता है और जीव को आवागमन के बंधन से मुक्ति की सच्ची युक्ति मिलती है।

* **चित्रकूट में भक्ति रंग एवं शबरी प्रसंगः** चित्रकूट प्रसंग और माता शबरी की कथा का उल्लेख करते हुए साध्वी जी ने बताया कि शबरी ने वर्षों तक प्रभु के आगमन की आस में अपने भीतर की संकीर्णताओं को मिटाया और निश्छल प्रेम से प्रतीक्षा की। जब श्री राम उनकी कुटिया में पधारे, तो उन्होंने जाति, कुल नहीं, बल्कि शबरी के हृदय की निर्मलता और भाव को स्वीकार किया। शबरी प्रसंग यह सिखाता है कि जहाँ सच्चा प्रेम और समर्पण होता है, वहाँ परमात्मा स्वयं चलकर आते हैं।

* **श्री राम के जीवन चरित्र से सीखें प्रकृति का सम्मानः** वर्तमान पर्यावरणीय चुनौतियों पर प्रकाश डालते हुए साध्वी जी ने कहा कि श्री राम का संपूर्ण जीवन प्रकृति के प्रति कृतज्ञता और सम्मान का संदेश देता है। वनवास काल में उन्होंने वनों, नदियों, पर्वतों और वन्यजीवों के साथ सामंजस्य बिठाते हुए यह दर्शाया कि प्रकृति केवल उपभोग की वस्तु नहीं, बल्कि जीवन का आधार है। यदि आज मानव श्री राम के आदर्शों से प्रेरणा लेकर प्रकृति का संरक्षण और सम्मान करे, तो धरती को प्रदूषण और असंतुलन से बचाया जा सकता है।

* **'मंथन' प्रकल्प के माध्यम से समाज का उत्थानः** साध्वी जी ने कहा कि 'मंथन' प्रकल्प के अंतर्गत वंचित वर्ग के बच्चों को निशुल्क शिक्षा के साथ-साथ नैतिक, मानवीय और आध्यात्मिक संस्कार प्रदान किए जा रहे हैं, जिससे वे आत्मनिर्भर बनकर एक संवेदनशील और सशक्त समाज के निर्माण में योगदान दे सकें।



पूजन एवं विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति

कथा के पाँचवें दिन का शुभारंभ विधिवत मुख्य यजमान गौतम कुकरेजा, सोनू कुकरेजा, गौरव कुकरेजा, प्रीति कुकरेजा एवं यजमान अनूप ढींगरा, नवजोत ढींगरा, संवित कुमरा, शिवानी कुमरा, अपर्णा कुमरा, अभय कुमरा, आशीष कपूर, नवनीत कपूर, अर्पित कपूर (हकीम तिलक राज कपूर परिवार) नवनीत स्याल, राज कुमार (लक्की इलेक्ट्रॉनिक्स), नीना कुमारी, लक्की परिवार द्वारा पूजन एवं पावन ज्योति प्रज्वलन के साथ हुआ। पावन श्री आरती के अवसर पर शहर के अनेक गणमान्य अतिथि, जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, शिक्षाविद तथा बड़ी संख्या में प्रभु भक्त उपस्थित रहे—जिनमें पंजाब कांग्रेस प्रधान परगट सिंह, पूर्व सांसद सुशील रिंकू, अशोक सरीन हिक्की, अनिल सच्चर, राजेश बाघा, विधायक बावा हेनरी, मुनीश अग्रवाल, विनोद जैन रूप पेट्स, दीपक खोसला, गौरव धवन, विकास, राकेश शांति दूत, गौरी शंकर मंदिर कमेटी, खन्ना बगीची कमेटी, रमन रम्मी, धर्मपाल सोंधी, हिमांशु सोंधी, नरेश कुमार चौधरी, प्रदीप सचदेवा, यशपाल पासपोर्ट ऑफिसर, विनीत एडीसी, सुतीक्ष्ण समरोल, जतिंदर चौहान, गौरव एशियन कार्पेट रूप से शामिल थे। इस अवसर पर स्वामी सदानंद जी, स्वामी परमानंद जी, स्वामी गिरधरानंद जी, स्वामी सज्जनानंद जी, जालंधर शाखा प्रमुख साध्वी पल्लवी भारती जी, साध्वी त्रिनैना भारती जी सहित संत समाज की गरिमामयी उपस्थिति रही। स्वामी सज्जनानंद जी ने समस्त जालंधर वासियों से विनम्र अपील की है कि 28 नवंबर को भव्य स्तर पर दिव्य दीपोत्सव प्रभु के अयोध्या आगमन पर साईं दास स्कूल ग्राउंड में मनाया जाएगा। सभी अधिक से अधिक संख्या में साईं दास स्कूल ग्राउंड पहुँचकर इस पावन ज्ञानयज्ञ का लाभ उठाएँ और 'मंथन' प्रकल्प के इस सेवा कार्य में सहभागी बनें।

देश की राजनीति और संसद की संरचना में बड़ा बदलाव होने की तैयारी

लोकसभा में बढ़ेंगी सीटें! क्कक्रूमोदी कैबिनेट ने संविधान संशोधन विधेयक को दी मंजूरी

- 50 फीसदी सीटें बढ़ोतरी के प्रस्ताव पर मोदी कैबिनेट में लगा दी है मुहर
- प्रस्ताव के लागू होने के बाद लोकसभा की मौजूदा 543 सीटें बढ़कर 815
- लोकसभा में कुल 543 निर्वाचित सीटें, 272 अतिरिक्त सीटें जोड़ी जाएंगी



जालंधर सिटी लवर्स न्यूज़

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में लोकसभा की कुल सीटों में 50 प्रतिशत बढ़ोतरी करने से जुड़े संविधान संशोधन विधेयक को मंजूरी दे दी गई है। इस प्रस्ताव के लागू होने के बाद लोकसभा की मौजूदा 543 सीटें बढ़कर 815 हो सकती हैं। यानी संसद के निचले सदन में 272 नई सीटें जुड़ेंगी। दूसरी ओर, कांग्रेस ने सरकार की मंशा पर सवाल खड़े किए हैं। फिलहाल लोकसभा में कुल 543 निर्वाचित सीटें हैं। इस बदलाव के तहत 272 अतिरिक्त सीटें जोड़ी जाएंगी। प्रस्ताव में बढ़ी हुई सीटों को महिलाओं के लिए आरक्षित करने की बात भी शामिल है। इससे संसद में महिला प्रतिनिधित्व बढ़ाने की दिशा में बड़ा बदलाव देखने को मिल सकता है। कैबिनेट की मंजूरी वाले प्रस्ताव में लोकसभा सीटों की संख्या को अगले 25 वर्षों तक स्थिर रखने की बात कही गई है। इसके लिए संविधान में संशोधन किया जाना है। सरकार इस विधेयक को संसद में पेश कर आगे की प्रक्रिया पूरी करने की तैयारी में है।

परिसीमन और महिला आरक्षण पर उठाए सवाल

दूसरी ओर, कांग्रेस ने सरकार की मंशा पर सवाल खड़े किए हैं। पार्टी का आरोप है केंद्र सरकार परिसीमन और महिला आरक्षण से जुड़े विधेयकों को पारित करवाने के लिए धोखे से बहुमत जुटाने की कोशिश कर रही है। कांग्रेस ने मुद्दे को गंभीरता से लेते अपने सांसदों के लिए व्हिप जारी किया है।

मिलिट्री इंटेलिजेंस और काउंटर इंटेलिजेंस टीम की संयुक्त कार्रवाई

- पंजाब में पाकिस्तानी आईएसआई एजेंट गिरफ्तार, पाक में बैठे आईएसआई ऑपरेटिव्स तक भेजता था सेना की जानकारियां
- आरोपी कथित तौर पर सैन्य ठिकानों की गतिविधियों पर नजर रखता था



जालंधर सिटी लवर्स न्यूज़

बठिंडा। पंजाब में सुरक्षा एजेंसियों ने जासूसी के एक मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए एक कथित ISI एजेंट को गिरफ्तार किया है। आरोपी पर बठिंडा कैंट सहित संवेदनशील सैन्य प्रतिष्ठानों की रेकी करने और उनसे जुड़ी गोपनीय जानकारियां पाकिस्तान में बैठे हैंड्ल ऑपरेटिव्स तक पहुंचाने का आरोप है। यह कार्रवाई मिलिट्री इंटेलिजेंस और पंजाब पुलिस की काउंटर इंटेलिजेंस टीम ने संयुक्त रूप से की है। गिरफ्तार की पहचान फिरोजपुर जिले के गांव जखरावां निवासी सतनाम सिंह उर्फ सत्तू के रूप में हुई है। जांच एजेंसियों के मुताबिक, आरोपी सैन्य ठिकानों की गतिविधियों पर नजर रखता था।

सैन्य लोकेशन और अहम जानकारियां जुटाने का आरोप

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, आरोपी सैन्य ठिकानों की लोकेशन और अन्य संवेदनशील जानकारियां जुटाता था। आरोप है कि वह यह सूचनाएं सीमा पार पाकिस्तान में बैठे अपने संपर्कों तक पहुंचाता था। सुरक्षा एजेंसियां इस बात की जांच कर रही हैं कि आरोपी ने अब तक कितने सैन्य प्रतिष्ठानों की रेकी की और कौन-कौन सी गोपनीय जानकारियां साझा कीं।

पाकिस्तान तक जानकारी पहुंचाने के तरीके की जांच जारी

इस मामले में बठिंडा काउंटर इंटेलिजेंस, मिलिट्री इंटेलिजेंस यूनिट (साउथ वेस्टर्न कमांड) और स्थानीय पुलिस ने मिलकर कार्रवाई की। अब जांच एजेंसियां आरोपी के संपर्कों, उसके नेटवर्क और जानकारी भेजने के माध्यम की पड़ताल कर रही हैं। साथ ही यह भी पता लगाया जा रहा है कि इस जासूसी गतिविधि में उसके साथ कोई अन्य व्यक्ति शामिल था या नहीं।







27-11-2026_Layout 1 28-11-2026 01:03 Page 4

इनोसेंट हार्ट्स में 'विवेशियस वाइब्रेंस 2026 27' का भव्य आयोजन; 'कौशल फेस्ट' में दिखा रचनात्मकता और कौशल का संगम

जालंधर सिटी लवर्स न्यूज

जालंधर। इनोसेंट हार्ट्स स्कूल के नूरपुर रोड और कपूरथला रोड कैंपस में 'विवेशियस वाइब्रेंस 2026ङ्क27' के अंतर्गत एल.के.जी. के नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों द्वारा एक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। 'टाइनी स्टेप्स ङ्क स्ट्रॉन्ग इंडिया' तथा 'हम फिट तो इंडिया फिट' विषयों पर आधारित इस कार्यक्रम में बच्चों ने अपनी प्रतिभा और उत्साह का शानदार प्रदर्शन किया। समारोह को और भी विशेष बनाते हुए नूरपुर रोड कैंपस में कौशल फेस्ट का भी आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा छठी से नौवीं तक के विद्यार्थियों को अपनी रचनात्मकता एवं व्यावहारिक कौशल प्रदर्शित करने का अवसर मिला। नूरपुर रोड कैंपस में आयोजित इस समारोह में श्रीमती गुरप्रीत कौर (प्रदेश उपाध्यक्ष, महिला विंग, आम आदमी पार्टी), श्री बलदेव सिंह जोसन, स्कूल की डायरेक्टर श्रीमती मीनाक्षी शर्मा, प्रिंसिपल श्रीमती जसमीत बख्शी और प्री-प्राइमरी कोऑर्डिनेटर श्रीमती पूजा राणा ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। प्रिंसिपल एवं कोऑर्डिनेटर ने अभिभावकों से संवाद करते हुए प्रारंभिक बाल्यावस्था में बच्चों के सर्वांगीण विकास के महत्त्व पर प्रकाश डाला। सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ भक्तिमय गणेश वंदना से हुआ। इसके पश्चात 'आदियोग', खेलकूद, एरोबिक्स तथा मनोरंजक इंडोर गेम्स प्रस्तुति 'तू है चैंपियन' ने दर्शकों का मन मोह लिया। देशभक्ति से ओत-प्रोत नृत्य प्रस्तुति 'सुनो गौर से दुनिया वालो' तथा ऊर्जावान प्रस्तुति 'हम फिट तो इंडिया फिट' के



माध्यम से विद्यार्थियों ने राष्ट्रप्रेम, शारीरिक स्वास्थ्य और स्वस्थ जीवनशैली का प्रभावशाली संदेश दिया। वहीं, मधुर 'हिंदुस्तानी' संगीत प्रस्तुति ने कार्यक्रम में सांस्कृतिक रंग भर दिए। कपूरथला रोड कैंपस में आयोजित समारोह में प्री-प्राइमरी कोऑर्डिनेटर (सभी कैम्पस) श्रीमती गुरमीत कौर सग्गू, प्रिंसिपल श्रीमती शीतू खन्ना तथा इंचार्ज श्रीमती पूनम नारंग विशेष रूप से उपस्थित रहीं। नन्हे कलाकारों ने संगीत, योग, खेलकूद एवं नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इन प्रस्तुतियों के माध्यम से बच्चों ने छोटी उम्र से ही स्वस्थ आदतें अपनाने का संदेश दिया। नूरपुर रोड कैंपस में आयोजित कौशल फेस्ट कार्यक्रम का एक प्रमुख आकर्षण रहा। कक्षा छठी से आठवीं तक के लिए 'कौशल बोध' तथा कक्षा नौवीं के लिए 'कौशल विकास' विषय के अंतर्गत आयोजित इस उत्सव में विद्यार्थियों ने अपनी अद्भुत कल्पनाशीलता और हुनर का परिचय दिया। विद्यार्थियों ने सिंपल मशीन्स, ई-वेस्ट से बनी कलाकृतियों, टाई-एंड-डाई, क्रोशिया, रेजिन आर्ट, बाँस से बनी वस्तुओं तथा विभिन्न हस्तनिर्मित उत्पादों का आकर्षक प्रदर्शन किया। कक्षा नौवीं के विद्यार्थी हरमनदीप सिंह द्वारा लिखी गई पुस्तकों ने विशेष रूप से सभी का ध्यान आकर्षित किया। इसके अतिरिक्त कठपुतली शो तथा पंजाबी संस्कृति को दर्शाते हुए सुंदर ढंग से सजाए गए 'हेरिटेज कॉर्नर' ने भी कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। इन आयोजनों के माध्यम से इनोसेंट हार्ट्स ने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को पुनः अभिव्यक्त किया। इन गतिविधियों ने विद्यार्थियों में रचनात्मकता, आत्मविश्वास, शारीरिक तंदुरुस्ती, आत्मनिर्भरता एवं सांस्कृतिक मूल्यों को विकसित करने का सार्थक प्रयास किया।

SHREE RAM
NEURO CENTRE
NEURO • SPINE • TRAUMA
सही इलाज...
बेहतर कल...
अब अपने शहर जालंधर में
रीढ़ एवं मस्तिष्क
रोगों का सर्वोत्तम उपचार है उपलब्ध
आधुनिक तकनीक | अनुभवी विशेषज्ञ | सुरक्षित इलाज
Dr. Deepashu Sachdeva
(BRAIN & SPINE SURGEON)
हमारी विशेषताएँ
बिना ऑपरेशन के भी इलाज की सुविधा
आधुनिक न्यूरो और स्पाइन सर्जरी
हाई-एंड डायगनोस्टिक सुविधाएँ
व्यक्तिगत और समर्पित देखभाल
आज ही संपर्क करें
श्री राम न्यूरो सेंटर में
98141-75180,
75080-31515
Inside New Ruby Hospital, Link Road, Lajpat Nagar, Jalandhar.
www.drdeepashuneurosurgeon.in



medifacials
LASER HAIR REMOVAL
LASER
moles
pigment
dermatology
Face Toning
acne scar
fatloss
skin care
treatment
tattoo
Cosmetology clinic
HairLoss
skin tags
birthmark
wrinkles
HYDRA FACIAL
bio peelings
Botox
MNRF
PRP
Dr. R.S. CHHABRA
Dermato-Cosmetologist
& Laser Consultant
PATIENT SAFETY & QUALITY OF CARE
NABH
CERTIFIED
LIVE
the brighter side
of your skin.
LASER beauty
WORLDWIDE
Er. G.S. Chhabra
(FOUNDER)
Dr. R.S. CHHABRA's
LASER & SKIN CARE CENTRE
SKIN, COSMETOLOGY, FAT-LOSS & LASER SPECIALISED CENTRE
Chhabra Hospital & Maternity Home
MATERNITY, FERTILITY (IVF), SKIN, LASER & CHILD CARE CENTRE
22, GUJRAL NAGAR, NEAR T.V. CENTRE, JALANDHAR CITY (PB.)
www.ivfcentrepunjab.com | www.babiesworldivfcentre.com | www.laser2skin.com
For Appointment Call : 99887-14150

ICSI
PAINLESS DELIVERY
Phototherapy
fertility
OOCYTE & EMBRYO DONATION
Hysterectomy
Neonatal ICU for Pre-mature Babies
LASER HATCHING
Laparoscopy
USG
IUI
HSG
SEMEN BANK
Fully Equipped LABORATORY
Hormonal Assay
Dr. RANU CHHABRA
Obst/Gynae & IVF Specialist
MAKING
motherhood a reality....
Babies WORLD IVF INTERNATIONAL
MEDI LIFE
NEW BORN ICU
Er. G.S. Chhabra
(FOUNDER)
Dr. RANU CHHABRA's
BABIES WORLD
IVF CENTRE
TEST TUBE BABY CENTRE
Chhabra Hospital & Maternity Home
MATERNITY, FERTILITY (IVF), SKIN, LASER & CHILD CARE CENTRE
PATIENT SAFETY & QUALITY OF CARE
NABH
CERTIFIED
22, GUJRAL NAGAR, NEAR T.V. CENTRE, JALANDHAR CITY (PB.)
www.ivfcentrepunjab.com | www.babiesworldivfcentre.com | www.laser2skin.com
For Appointment Call : 99889-27037



Orthonova Hospital
HEAL. REHABILITATE. LIVE BETTER.
PATIENT SAFETY & QUALITY OF CARE
NABH
ACCREDITED
ORTHONOVA GETS
A NEW ADVANCED
ROBOTIC SYSTEM
FOR JOINT REPLACEMENT SURGERY
Better Mobility Brighter Future
Benefits of Robotic Assisted Surgery:
Painless
Small Incision
High Accuracy and Precision
New, Perfectly-fitted Joint
Long Lasting Results
More Natural Feeling and Movement
FOR MORE INFORMATION CALL US
+91 78143-89446
Expert Doctors
Advanced Technology
World Class Facilities
Better Recovery
Move Without Pain
Nakodar Road, Nera Nari Niketan, Jalandhar, Punjab | www.orthonova.in

